>

Title: Need to expedite construction of a bridge on NH 104 in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर)ः मेरे शिवहर लोक सभा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 104 के 38वां कि.मी. के अंतर्गत फतेहपुर-शिवहर का आर.सी.सी. पुल का निर्माण विगत तीन वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। यह शिवहर जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला एकमात्र सड़क पुल है। डायवर्सन के सहारे आवागमन जारी है तथा वर्षा के दिनों में जल-जमाव से आवागमन अवरुद्ध हो जाता है जिससे आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मैंने पूर्व में कई बार पत्र के माध्यम से एवं स्वयं मंत्री महोदय से मिलकर इस विषय पर ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया है परन्तु अब तक कोई अपेक्षित कार्यवाही नहीं हुई है। दो जिलों को परस्पर आपस में जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क पुल का अब तक निर्माण न हो पाने से क्षेत्र की जनता को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि जनहित में राष्ट्रीय राजमार्ग 104 के 38वां कि.मी. के अंतर्गत् फतेहपुर-शिवहर का आर.सी.सी. पुल के निर्माण की कार्यवाही की जाए जिससे कि उक्त पुल से आवागमन सुगम हो सके।